भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2637
दिनांक 04 अगस्त, 2026 / 13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

सीएपीएफ का आधुनिकीकरण

2637. डॉ. भोला सिंहः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के आधुनिकीकरण के लिए कोई कदम उठाए गए हैं;
(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में पिछले तीन वर्षों में किए गए प्रमुख उपायों, उपलब्ध कराई गई आधुनिक हथियार प्रणालियों, उपकरणों, तकनीक और अवसंरचना संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) इस उद्देश्य के लिए आवंटित और व्यय की गई निधि का वर्षवार और बल-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) इन उपायों के परिणामस्वरूप सीएपीएफ की कार्यात्मक क्षमता में हुए सुधार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख) जी हां, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के आधुनिकीकरण के लिए किए गए प्रमुख उपायों में एक केंद्रीय क्षेत्र योजना, नामतः, सीएपीएफ के लिए आधुनिकीकरण योजना-IV, के माध्यम से आधुनिक हथियारों, निगरानी एवं संचार प्रणालियों, गतिशीलता प्लेटफार्मों, बल संरक्षण उपकरणों, परिचालन अवसंरचना तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों का समावेश शामिल है। पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के माध्यम से सीएपीएफ को उपलब्ध कराई गई प्रमुख वस्तुएँ निम्नलिखित हैं:

(i) आधुनिक हथियार प्रणालियां एवं युद्धक उपकरण: असॉल्ट राइफलें, कॉर्नर शॉट प्रणाली सहित ग्लॉक पिस्तौलें, आधुनिक शस्त्र एवं गोला-बारूद तथा हथियार संबंधी सहायक उपकरण।

(ii) निगरानी एवं आसूचना प्रणालियां: थर्मल इमेजर, पैसिव नाइट विजन गॉगल्स, यूएवी/ड्रोन, स्वचालित अग्नि पहचान एवं शमन प्रणालियां तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक निगरानी उपकरण।

(iii) संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी: सुरक्षित संचार उपकरण, हाइपर-कन्वर्ज्ड इंफ्रास्ट्रक्चर (एचसीआई) सर्वर/नोड्स, नेटवर्किंग अवसंरचना, कमांड-एवं-कंट्रोल प्रणालियां तथा डिजिटल परिचालन प्लेटफार्म।

(iv) गतिशीलता एवं विशिष्ट वाहन: मीडियम बुलेट प्रूफ वाहन, लाइट बुलेट प्रूफ वाहन, माइन प्रोटेक्टेड वाहन, व्हील आर्मर्ड प्लेटफॉर्म, आपातकालीन बचाव अग्निशमन वाहन तथा रबरयुक्त इन्फ्लेटेबल बोट।

(v) बल सुरक्षा उपकरण: बुलेट रोधी जैकेट, बैलिस्टिक हेलमेट, सुरक्षा ढाल तथा अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण।

(vi) विशिष्ट परिचालन उपकरण: काउंटर-आईईडी/बम निरोधक उपकरण, बचाव एवं आपदा प्रतिक्रिया उपकरण तथा विशिष्ट सामरिक साजो-सामान।

(vii) अवसंरचना: सीमा सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा परिचालनों में सहायता हेतु आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, संचार अवसंरचना, रसद सहायता प्रणालियां, आईसीटी अवसंरचना, अनुरक्षण सुविधाएं तथा अन्य परिचालन अवसंरचना।

(ग) आधुनिकीकरण योजना-IV के अंतर्गत सीएपीएफ को बल-वार एवं वर्ष-वार आवंटित निधि तथा व्यय की गई राशि अनुबंध-क के अनुसार है।

(घ) आधुनिकीकरण उपायों के परिणामस्वरूप, सीएपीएफ की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा इन उपायों ने परिचालन तत्परता, गतिशीलता, स्थिति संबंधी जागरूकता, निगरानी, बल संरक्षण, खुफिया जानकारी एकत्र करने तथा प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ किया है, जिससे सीमा सुरक्षा, उग्रवाद-रोधी, नक्सल-रोधी तथा अन्य आंतरिक सुरक्षा अभियानों को सुदृढ़ करने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सहायता मिली है।

* * * * *

लोक सभा अता. प्र.सं. 2637, दिनांक 04.08.2026

अनुबंध-क

(रु. करोड़ में)

सीएपीएफ	वित्तीय परिव्यय	2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27	
		कुल आवंटन	व्यय	कुल आवंटन	व्यय	कुल आवंटन	व्यय	कुल आवंटन	व्यय	कुल आवंटन	व्यय (26.07.2026 तक)
ए आर	218.15	32.97	32.19	35.66	35.00	28.11	22.71	32.41	21.76	88.98	32.89
बीएसएफ	355.66	5.44	2.02	3.02	2.48	46.37	30.65	153.69	153.04	38.40	23.02
सीआईएसएफ	141.73	5.70	4.52	11.70	8.13	18.00	19.33	28.31	28.15	38.03	10.94
सीआरपीएफ	463.96	28.57	25.75	18.94	18.91	56.54	32.76	140.17	140.08	117.01	1.03
आईटीबीपी	116.00	31.24	12.88	22.66	22.66	5.88	7.44	30.11	30.04	8.80	8.16
एनएसजी	88.62	0.01	0.01	10.50	3.86	15.00	4.56	38.77	34.38	32.71	2.96
एसएसबी	138.88	0.53	0.31	8.79	6.76	11.31	1.78	97.78	73.57	39.52	13.85
कुल योग	1523.00	104.46	77.68	111.27	97.80	181.21	119.23	521.24	481.02	363.45	92.85